कार्यालय : उ0प्र0, लोक सेवा आयोग,

संख्या –1320/06/ई–4/2017–2018

प्रयागराजः दिनांक 20 अगस्त, 2020

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या– ए–3/ई–1/2017 दिनांक–05.05.2017 सहायक वन संरक्षक तथा क्षेत्रीय वन अधिकारी (सामान्य चयन एवं विशेष चयन/बैकलॉग) परीक्षा–2017 की लिखित परीक्षा का परिणाम आयोग की विज्ञप्ति दिनांक 05.08.2020 के माध्यम से घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी साक्षात्कार तिथियॉ निम्न कार्यक्रमानुसार निर्धारित की गयी हैः–

साक्षात्कार कार्यक्रम

क्र0सं0	दिनांक	समय	अनुक्रमांक (कहाँ से कहाँ तक)
1.	26.08.2020	प्रातः 10.00 बजे	000173 से 009198
		अपरान्हः 02.00 बजे	009206 से 020655
2.	27.08.2020	प्रातः 10.00 बजे	020725 से 033825
		अपरान्हः 02.00 बजे	034002 से 042295
3.	28.08.2020	प्रातः 10.00 बजे	042399 से 055307
		अपरान्हः 02.00 बजे	055751 से 070626

प्रश्नगत परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों हेतु आनलाइन परंपरागत आवेदन पत्र भरने की प्रकिया नीचे के प्रस्तरों में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर की जानी है।

2. अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट **http://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर "CLICK HERE TO DOWNLOAD INTERVIEW LETTER FOR ADVT. NO. A-3/E-1/2017, A.C.F.-R.F.O. EXAM-2017"** पर **Click** करके आवश्यक सूचनाए आनलाइन फार्मेट पर भरनी होगी । सर्वप्रथम **Registration number and Date of Birth** दें। इसके पश्चात साक्षात्कार ज्ञाप एवं फॉर्म सेट (आवेदन पत्र, अधिमान्यता प्रपत्र, प्रमाणीकरण प्रपत्र, देशना प्रपत्र व अंकतालिका) विवरण को मुद्रित कर ले एवं सभी प्रपत्रों को भली–भांति पढ़ कर भर लें।
3. उपरोक्तानुसार भरे गए फॉर्म सेट (आवेदन पत्र, अधिमान्यता प्रपत्र, प्रमाणीकरण प्रपत्र, देशना प्रपत्र व अंकतालिका) जिस पर व्हाहटनर, ओवर राइटिंग अथवा कटिंग इत्यादि की गयी है उसे स्वीकार्य नहीं किया जाएगा तथा अभ्यर्थी का साक्षात्कार/अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। उक्त सुविधा निर्धारित साक्षात्कार की तिथि से एक दिन पूर्व तक केवल एक बार उपलब्ध रहेगी। **किसी भी दशा में साक्षात्कार तिथि में परिवर्तन हेतु कोई भी प्रार्थना–पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।** इसके अतिरिक्त जाति प्रमाण–पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों का प्रमाण–पत्र, विकलांगता का प्रमाणपत्र, भू0पू0सै0 का प्रमाण–पत्र के प्रारुप की .PDF File वेवसाइट पर उपलब्ध है ।
4. अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये फार्म सेट (आवेदन–पत्र, अधिमान्यता प्रपत्र, प्रमाणों करण प्रपत्र, देशना प्रपत्र व अंक तालिका विवरण) को मुद्रित करके उसके साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों / प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों का दो सेट तैयार कर उस फार्म सेट के प्रत्येक पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर कर एवं

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित फोटो की दो प्रति तथा दो आवक्ष सादी फोटो अर्थात कुल 04 फोटो सहित नियत तिथि व समय पर प्रथम पाली हेतु प्रातः 9.00 बजे एवं द्वितीय पाली हेतु 11.00 बजे आयोग परिसर, प्रयागराज में स्थित यमुना भवन में पहुँचना सुनिश्चित करें। साक्षात्कार के समय शैक्षिक अर्हताओं से सम्बन्धित समस्त अंकतालिकाओं (प्रत्येक वर्ष की) एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां भी अपने साथ अवश्य लावें। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय निम्नलिखित प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा–

(क) उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थी को पिता पक्ष से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र ।

(ख) उ0प्र0 के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को दावे के समर्थन में (वेबसाइट पर उपलब्ध) निर्धारित नवीनतम प्रारूप पर जारी किया गया प्रमाण–पत्र

(ग) केन्द्र अथवा राज्य सरकार मे कार्यरत अभ्यर्थी को सेवायोजक द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र मूल रूप में।

उपर्युक्त प्रमाण–पत्रों के अभाव में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

नोट– साक्षात्कार हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों के परंपरागत आवेदन पत्र तथा शैक्षिक अभिलेखों के परीक्षण के समय यदि यह संज्ञान में आता है कि कोई अभ्यर्थी पद की विज्ञापित अनिवार्य अर्हता धारित नही करता है तो आयोग द्वारा ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित कर उनका अभ्यर्थन निरस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

Arvind 29/01/2020

(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक।